फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर
के सम्मान में आयोजित भोज
में
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 5 अगस्त, 2025

मुझे आज राष्ट्रपति भवन में फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर, First Lady श्रीमती लुईस अरनेटा मार्कोस और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हमें इस बात की खुशी है कि आपकी यात्रा हमारे राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

महामहिम,

फिलीपींस के साथ हमारी मित्रता ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित है। हम इन दीर्घकालिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं।

यह गर्व और संतोष की बात है कि आज आपके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बीच सार्थक चर्चा के परिणामस्वरूप हमारे द्विपक्षीय संबंध “Strategic Partnership” के स्तर तक पहुँच गए हैं। इससे व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, technology, अंतरिक्ष, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच संबंधों सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में हमारी भागीदारी को और बल मिलेगा।

देवियो एवं सज्जनो,

व्यापार और निवेश सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू है। हमारा द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है। फिलीपींस में कई क्षेत्रों में भारतीय निवेश की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

Global South के साथी सदस्यों के रूप में हम समान चुनौतियों का सामना करते हैं और अपने लोगों के विकास एवं प्रगति के लिए हमारे समान लक्ष्य हैं। हमें साझेदारी के उन क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो हमारे देशवासियों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाते हैं। इस संदर्भ में digital और financial technologies में बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग का हम स्वागत करते हैं।

हम फिलीपींस के साथ development और capacity building सहयोग को महत्व देते हैं और हम इसे और विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

देवियो एवं सज्जनो,

हमारी साझेदारी न केवल हमारे दोनों देशों के लोगों के लिए लाभदायक है, बल्कि यह हमारे आसपास के क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि का आधार भी है। फिलीपींस भारत की Act East नीति, MAHASAGAR Vision और Indo-Pacific संबंधी दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। हमें खुशी है कि फिलीपींस अगले वर्ष ASEAN का अध्यक्ष बनने जा रहा है और हम आपको सफल अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

भारत और फिलीपींस के बीच सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान से लोगों के बीच बने संबंध, हमारी मित्रता और सहयोग को एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं। मुझे विश्वास है कि Visa व्यवस्था में और अधिक सुगमता और बेहतर air connectivity के साथ हमारे लोग और व्यवसाय अधिक सहयोग करेंगे।

हमारे दोनों देश समृद्ध कलात्मक विरासत और सांस्कृतिक विविधता से संपन्न हैं। हमारे सदियों पुराने संबंधों की झलक आज भी देखी जा सकती है। मुझे बताया गया है कि रामायण पर आधारित दंतकथाएँ फिलीपींस में भी लोकप्रिय हैं। मुझे आशा है कि फिलीपींस से आए हमारे मित्र आज के रात्रिभोज के दौरान इस सांस्कृतिक बंधन का अनुभव कर पाएंगे।

महामहिम, एक बार फिर, मैं आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करती हूं। मुझे विश्वास है कि भारत की आपकी राजकीय यात्रा हमारे बहुआयामी संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ेगी, जिससे हमारे लोगों को लाभ होगा। इन शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो एवं सज्जनो, आइए हम सब मिल कर:

- महामहिम राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर, और First Lady श्रीमती लुईस अरनेटा मार्कोस के अच्छे स्वास्थ्य के लिए,
- फिलीपींस के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए, तथा
- भारत और फिलीपींस के बीच घनिष्ठ मित्रता और सहयोग के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।